उ0प्र0शासन का हार्ट सर्जरी में सेन्टर आफ एक्सीलेन्स
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग उ0प्र0शासन
कार्यालय निदेशक, हृदय रोग संस्थान, कानपुर

पत्रांकः **1349**/हरोस/2017–18

दिनांकः 28.06.2017

सूचना

हृदय रोग संस्थान, कानपुर में डिप्लोमा इन ओ0टी0टेक्नीशियन एवं डिप्लोमा इन कार्डियक टेक्नीशियन(द्विवर्षीय कोर्स) के 30–30 अभ्यर्थियों को प्रतिवर्ष प्रशिक्षण दिया जाता है। इन दोनों प्रशिक्षणों हेतु अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान अथवा गणित सहित) से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा न्यूनतम आयु 17 वर्ष पूर्ण होना चाहिए। उक्त प्रशिक्षण हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आनलाइन आवेदन कार्यालय की वेबसाइट www.lpscardiology.org में "Registration for Paramedical Diploma Courses" के टैब पर दिनांक 10.07.2017 को प्रातः 00:01 से 30.07.2017 रात्रि 23:59 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे।

प्रशिक्षण हेतु चयनित अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय शासकीय नियमानुसार निर्धारित वार्षिक प्रशिक्षण शुल्क रु0 15000/= का ड्राफ्ट ***"Fee Collection A/c Para Medical Courses, Institute of Cardiology, Kanpur"*** के पक्ष में देय, जमा करना होगा।

सामान्य निर्देश

1. आनलाइन आवेदन **दिनांक 10.07.2017 से 30.07.2017** तक ही स्वीकार किये जायेंगे। निर्धारित तिथि **30.07.2017** के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
2. अभ्यर्थी की आयु 17 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। आयु सीमा का निर्धारण दि0 01.01.2017 से किया जायेगा।
3. प्रशिक्षणार्थियों के लिए कोई आवासीय सुविधा संस्थान में उपलब्ध नहीं है।
4. आवेदन शुल्क **रु0 200/=** (अनु0जा0,अनु0ज0जा0 हेतु रु0 100/=) आनलाइन जमा किया जायेगा। आवेदन शुल्क किसी भी स्थित में वापस नहीं होगा।
5. प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश मेरिट के आधार पर काउन्सिलिंग के माध्यम से किया जायेगा। **ओटी टेक्नीशियन कोर्स के** मेरिट संख्याः **1 से 120 रैंक** के सभी अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग **दिनांक 02 अगस्त 2017** को तथा **कार्डियक टेक्नीशियन कोर्स के** मेरिट संख्याः 1 से 120 रैंक के सभी अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग **दिनांक 03 अगस्त 2017 को** (प्रातः 11:00 बजे से 2:00 बजे तक) हृदय रोग संस्थान, कानपुर के तृतीय तल स्थित आडिटोरियम में की जायेगी। काउन्सिलिंग के समय सम्बन्धित समस्त मूल प्रमाणपत्रों एवं रजिस्ट्रेशन हेतु जमा आवेदन शुल्क का चालान/ई–रसीद को दिखाया जाना अनिवार्य है।

for

निदेशक, हृदय रोग संस्थान, कानपुर।

Director
Institute of Cardiology
Kanpur